अजमेर।

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने माध्यमिक शिक्षा विभाग में वरिष्ठ अध्यापक (ग्रेड-2) प्रतियोगिता परीक्षा का पाठ्यक्रम मंगलवार को जारी कर दिया। पाठयक्रम विषयवार आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। पाठ्यक्रम के प्रथम भाग में माध्यमिक व उच्च माध्यमिक स्तर व स्नातक स्तर पर वर्ण व्यंजन, गद्य भाग, पद्य भाग में विभिन्न लेखकों के नाम शाामिल किए गए हैं।

इसी प्रकार भाग दो में स्नातक स्तरीय हिंदी भाषा, अलंकार, छंद, रस, हिंदी साहित्य कबीर, सूरदास, मीराबाई, आदि से संबंधित प्रश्न व विवरण अंकित हैं। भाग तीन में शिक्षण विधियां आदि की जानकारी दी गई है। परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया 25 जुलाई से शुरू हो गई है जो 31 अगस्त तक चलेगी। परीक्षा नवम्बर में संभावित है।